करेंट अफेयर्स

03 सितंबर 2021

राष्ट्रीय

1. पोषण 2.0

- **चर्चा में क्यों** - केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा पूरे सितंबर को पोषण माह के रूप में आयोजित करने का निर्णय लिया गया
- **आयोजन** – इसे आजादी के अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में आयोजित किया जायेगा
- वर्ष 2018 से सितंबर माह को पोषण माह के रूप में मनाया जाता है।
- **उद्देश्य** - बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिये पोषण संबंधी परिणामों में सुधार हेतु आयोजन
- **'पोषण अभियान मिशन'** – एक महीने तक चलने वाला उत्सव है, जिसका मुख्य फोकस गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों पर विशेष बल देना है।
- **मुख्य गतिविधियाँ** - इसमें प्रसवपूर्व देखभाल, इष्टतम स्तनपान, एनीमिया, विकास निगरानी, लड़कियों की शिक्षा, आहार, शादी की सही उम्र, स्वच्छता और स्वच्छ एवं स्वस्थ भोजन (**फूड फोर्टिफिकेशन**) पर केंद्रित एक महीने तक चलने वाली गतिविधियाँ शामिल हैं।

अंतर्राष्ट्रीय

2. सुपर फॉलो

- **क्या है "सुपर फॉलो"** - ट्विटर का एक नया फीचर
- इस फीचर के माध्यम से यूजर्स अपने फॉलवर्स के साथ कंटेंट साझा करके हर महीने कमाई कर सकेंगे
- **आय** - सुपर फॉलो के तहत ट्विटर यूजर्स अपने फॉलोअर्स से हर महीने

2.99 डॉलर यानी करीब 220 रुपये या 4.99 डॉलर यानी करीब 360 रुपये या 9.99 डॉलर यानी करीब 730 रुपये शुल्क ले सकते हैं।

- **लाभ** – इससे फॉलोअर्स को स्पेशल कंटेंट, न्यूजलेटर, बिहाइंड द सीन आदि मिलेंगे।
- **फीचर का उपयोग -** इसके लिए कम–से–कम 10,000 फॉलोअर्स होने चाहिए।
- **सुपर फॉलो फीचर -** फिलहाल, अमेरिका और कनाडा यूजर्स के लिए उपलब्ध
- **सेफ्टी मोड फीचर –** इससे परेशान करने वाले या अभद्र ट्वीट भेजने वाले खुद ही ब्लॉक हो जाएंगे.

राज्य

3. 'साथ' पहल लॉन्च

- **लॉन्चिंग -** जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा
- **लॉन्चिंग तिथि -** 1 सितंबर, 2021
- **साथ -** स्वयं सहायता समूह (SHG) की महिलाओं के लिए 'साथ' नामक ग्रामीण उद्यम त्वरण कार्यक्रम
- **उद्देश्य -** स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी ग्रामीण महिलाओं के जीवनशैली में बदलाव लाना
- **महत्व** – इससे जम्मूकश्मीर में – लगभग48,000 स्वयं सहायता समूहों को मदद मिलेगी, जिसमें लगभग चार लाख महिलाएं जुड़ी हुई हैं।

इनोवेशन मिशन पंजाब (IMPunjab) लॉन्च

- **लॉन्च करने वाला राज्य** – पंजाब
- **लॉन्चिंग तिथि -** 1 सितंबर, 2021
- **विशेषता -** पब्लिक प्राइवेट हिस्सेदारी पर आधारित मिशन
- **उद्देश्य -** पंजाब में दुनिया भर से निवेशकों को निवेश करने के साथ स्टार्टअप क्षेत्र को और मज़बूत करना
- **महत्व -** पंजाब की अर्थव्यवस्था को मज़बूती मिलेगी। इसके साथ ही रोज़गार के अवसर पैदा होंगे।

बिहार स्पेशल न्यूज

4. एपीजे अब्दुल कलाम साइंस सिटी

- **चर्चा में क्यों** – हाल ही में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री सुमित कुमार सिंह ने कहा कि पटना में निर्माणाधीन एपीजे अब्दुल कलाम साइंस सिटी बिहार का सर्वश्रेष्ठ विज्ञान का केंद्र बनेगा
- **उद्देश्य** – बिहार के लोगों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का प्रसार और बिहार के वैज्ञानिक धरोहरों का संरक्षण करना
- **लागत** – 640 करोड़
- **अवस्थिति** – मोइनुल हक़ स्टेडियम के पास 22 एकड़ में निर्माणाधीन

शरद कुमार

- **चर्चा में क्यों** – बिहार निवासी शरद कुमार ने टोक्यो पैरालंपिक के ऊँची कूद प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता
- **ऊँची कूद** – 1.83 मीटर की कूद
- **पूर्व रिकॉर्ड** – शरद कुमार ने वर्ष 2018 में एशियन पैरा एथलीट में 1.9 मीटर हाई जंप करके स्वर्ण पदक जीता था
- **परिचय** – मुजफ्फरपुर जिले के निवासी दो साल की उम्र में पोलियो से ग्रसित हो गये थे

विविध (पुरस्कार)

5. रेमन मैग्सेसे पुरस्कार 2021

- **चर्चा में क्यों** – हाल ही में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार के विजेताओं के नामों की घोषणा की गई
- **परिचय -** एशिया के नोबेल पुरस्कार के नाम से प्रसिद्ध
- **रेमन मैगसेसे पुरस्कार 2021 के पुरस्कार विजेताओं की सूची:**
- **मुहम्मद अमजद साकिब:** एक दूरदर्शी जिन्होंने पाकिस्तान में सबसे बड़े माइक्रोफाइनेंस संस्थानों में से एक की स्थापना की और लाखों परिवारों की सेवा की।
- **फिरदौसी कादरी:** एक बांग्लादेशी वैज्ञानिक, जिन्होंने लाखों लोगों की जान बचाने वाले टीकों की खोज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
- **स्टीवन मुन्सी:** एक मानवतावादी जो दक्षिण पूर्व एशिया के विस्थापित

शरणार्थियों को उनके जीवन के पुनर्निर्माण में मदद कर रहा है।

- **वॉचडॉक:** एक प्रोडक्शन हाउस जो इंडोनेशिया में कम रिपोर्ट किए गए मुद्दों को उजागर करने के लिए वृत्तचित्र फिल्म निर्माण और वैकल्पिक प्लेटफार्मों को सरलता से जोड़ता है।
- **रॉबर्टो बैलोन:** दक्षिणी फिलीपींस का एक मछुआरा जिसने अपने समृद्ध जलीय संसाधनों और आजीविका के प्राथमिक स्रोत को बहाल करने में एक समुदाय का नेतृत्व किया है।

खेल

6. आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

- **रैंकिंग** – हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टेस्ट खिलाड़ी रैंकिंग जारी की
- **भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज -** इंग्लैंड के कप्तान जो रूट आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।
- वही भारत के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा आईसीसी की टेस्ट खिलाड़ी रैंकिंग में अपने कप्तान विराट कोहली को पछाड़कर भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले बल्लेबाज बन गए है।

रैंक	खिलाड़ी (बल्लेबाज)	टीम	रेटिंग
1	जो रूट	इंग्लैंड	916
2	केन विलियमसन	न्यूज़ीलैंड	901
3	स्टीव स्मिथ	ऑस्ट्रेलिया	891
4	मार्नस लबुशेन	ऑस्ट्रेलिया	878

5	रोहित शर्मा	भारत	773

रैंक	खिलाड़ी (गेंदबाज)	टीम	रेटिंग
1	पैट कमिंस	ऑस्ट्रेलिया	908
2	रविचंद्रन अश्विन	भारत	839
3	टिम साउदी	न्यूज़ीलैंड	824
4	जोश हेज़लवुड	ऑस्ट्रेलिया	816
5	जेम्स एंडरसन	इंग्लैंड	813

करेंट अफेयर्स
एक नजर
03 सितंबर 2021

- बिहार निवासी प्रज्ज्वल सिन्हा ने ट्रूकॉलर की तर्ज पर एक ऐप बनाया है, जिसका नाम है – **भारत कॉलर ऐप**
- हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में "सुखैत मॉडल" की चर्चा की. यह बिहार के किस जिले से संबंधित है – **मधुबनी जिला**
- हाल ही में सुखैत मॉडल चर्चा में रहा है – **कचरा प्रबंधन तथा कचरे से होने वाली कमाई के कारण**
- हाल ही में किस बैंक ने गूगल पे यूजर्स को बैंक खाता खोले बिना केवल 2 मिनट में गूगल पे पर सावधि जमा बुक करने की सुविधा लॉन्च किया - **इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक**
- हाल ही में किस देश की संसद ने अमेरिकी कंपनियों गूगल और एप्पल के ऐप स्टोरों पर प्रतिबंध लगा दिया – **दक्षिण कोरिया**
- हाल ही में किसे केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी का चेयरमैन नियुक्त किया गया है – **जेबी मोहपात्रा**
- आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जारी एक टेंडर के अनुसार, 15 अगस्त, 2022 तक कितनी वंदे भारत ट्रेने भारतीय रेलवे को सौपी जायेंगी – **75 ट्रेने**
- बिहार के किस रेलवे स्टेशन से पहली बार अत्याधुनिक ट्रेन तेजस की रेक से राजेंद्रनगर–नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस रवाना हुई – **राजेंद्रनगर रेलवे स्टेशन**
- टोक्यो पैरालंपिक में भारतीय निशानेबाज सिंहराज अधाना पुरुषों की किस खेल स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया – **10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा**